हिमाचल प्रदेश तेरहवीं विधान सभा

(चौदहवां सत्र)

लिखित उत्तर हेतु प्रश्न

मंगलवार, 15 मार्च, 2022/24 फाल्गुन, 1943 (शक्)

[मुख्य मन्त्री - जल शक्ति मन्त्री - शहरी विकास मन्त्री - सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मन्त्री - तकनीकी शिक्षा मन्त्री - ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री - उद्योग मन्त्री - शिक्षा मन्त्री - स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री - बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री - वन मन्त्री तथा खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मन्त्री].

कुल प्रश्न - 27

इन्डोर स्टेडियम निर्माण

2176 **श्री सुरेन्द्र शौरी (बन्जार):**

क्या **वन मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि बन्जार विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गड़सा में इन्डोर स्टेडियम का निर्माण किया जाना प्रस्तावित है; यदि हां, तो इसके निर्माण की अद्यतन स्थिति क्या है तथा कार्य आरम्भ न होने के क्या कारण हैं?

जिभी-गाड़ा-गुशैणी सड़क

2177 **श्री सुरेन्द्र शौरी (बन्जार):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि जिभी से गाड़ा-गुशैणी सड़क को एम0डी0आर0 के अन्तर्गत सम्मिलित करने का निर्णय लिया गया है; यदि हां, तो इस सड़क को एम0डी0आर0 की तर्ज पर कब तक स्तरोन्नत कर दिया जाएगा?

सड़क निर्माण

2178 **श्री सुरेन्द्र शौरी (बन्जार):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत 3 वर्षों में दिनांक 01.02.2022 तक बन्जार विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत लोक निर्माण विभाग में मुख्य मंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत कितनी सड़क निर्माण योजनाएं स्वीकृत हुईं; इनके निर्माण हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत व व्यय की गई; ब्यौरा वर्षवार दें?

कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व

2179 **श्री संजय अवस्थी (अर्की):**

क्या **उद्योग मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत 3 वर्षों में दिनांक 01.02.2022 तक कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के अन्तर्गत अम्बुजा तथा अल्ट्राटेक सीमेंट संयंत्रों द्वारा कितनी धनराशि किस-किस उद्देश्य के लिए व्यय की गई; ब्यौरा दें?

अग्निशमन प्रशिक्षण केंद्र

2180 **श्री संजय अवस्थी (अर्की):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि अग्निशमन प्रशिक्षण केंद्र, बल्देयां जोकि वर्ष, 1980 में बल्देयां में स्थापित किया गया था, क्या उस केंद्र की ज़मीन विभाग के नाम पर पंजीकृत है; यदि नहीं, तो सरकार इस प्रशिक्षण केंद्र को किसी और स्थान पर स्थानांतरित करने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक?

खनन पट्टे

2181 **श्री संजय अवस्थी (अर्की):**

क्या **उद्योग मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि अर्की विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत रेत व पत्थर के कितने खनन पट्टे स्वीकृत हैं; सरकार को इनसे हर वर्ष कितना राजस्व प्राप्त होता है; खनन पट्टों के अब तक कितने आवेदन लंबित हैं; लंबित खनन पट्टों को कब तक स्वीकृति प्रदान कर दी जाएगी; ब्यौरा दें?

सीमेंट प्लांट

2182 **श्री राम लाल ठाकुर (श्री नैना देवीजी) :**
श्री रमेश चंद ध्वाला(ज्वालामुखी) :
श्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खु(नदौन) :

क्या **उद्योग मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) जिला बिलासपुर व सोलन में स्थापित ए0सी0सी0 (बरमाणा), अल्ट्राटेक (बागा) व अम्बुजा (दाड़लाघाट) आदि सीमेंट प्लांट्स में गत छह महीनों में कितना सीमेंट/क्लिंकर डिस्पैच हुआ है; गत वर्ष की तुलना में यह कितना कम या अधिक है; ब्यौरा दें;

(ख) सरकार प्रदेश में सीमेंट के दाम कम करने हेतु क्या पग उठा रही है; ब्यौरा दें;

(ग) गत 3 वर्षों में दिनांक 01.02.2022 तक ए0सी0सी0 (बरमाणा), अल्ट्राटेक (बागा) व अम्बुजा (दाड़लाघाट) आदि सीमेंट प्लांट्स द्वारा कोरपोरेट सोशल रेस्पोंसिबिलिटी के अन्तर्गत कितनी धनराशि प्रभावित क्षेत्रों में व्यय की गई; वर्षवार ब्यौरा दें;

(घ) इन सीमेंट प्लांट्स में मैनेजमेंट में बदलाव के उपरान्त कितने कर्मचारियों की छंटनी की गई; ब्यौरा दें;

(ङ) प्रदेश में वर्तमान में विभिन्न सीमेंट कंपनियों के सीमेंट के प्रति बैग का क्या दाम हैं; दिनांक 01.01.2018 के बाद विभिन्न कंपनियों द्वारा सीमेंट के दामों में कब-कब और कितनी-कितनी वृद्धि की गई; पूर्ण ब्यौरा दें; और

(च) क्या सरकार ने जिस तरह से बिजली के दामों में कमी करके उपभोक्ताओं को राहत दी है उसी तर्ज पर सीमेंट के दामों में भी कमी करके उपभोक्ताओं को राहत देने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; पूर्ण ब्यौरा दें?

भवन निर्माण

2183 **श्री राम लाल ठाकुर (श्री नैना देवीजी):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में योजना विभाग के दिशा-निर्देशों के अनुसार विभिन्न युवक व महिला मण्डलों को कितनी धनराशि दिए जाने का निर्णय लिया गया है; सरकार इस निर्धारित धनराशि से युवक व महिला मण्डलों के भवनों आदि के निर्माण कार्य को करने का विचार रखती है; ब्यौरा दें?

जिम क्रय

2184 **श्री राम लाल ठाकुर (श्री नैना देवीजी)**ः

क्या **वन मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) प्रदेश में खेल विभाग द्वारा कितने जिम ख़रीदे गए; ये जिम किस कंपनी से व कितनी कीमत पर ख़रीदे गए; और

(ख) चालू वित्त वर्ष में जिला बिलासपुर में कितने जिम स्थापित किये गए हैं; विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रवार ब्यौरा दें?

बिरोजा हेतु स्वीकृति

2185 **श्री रमेश चंद ध्वाला (ज्वालामुखी)**ः

क्या **वन मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि प्रदेश में तहजमीन मालकान और दरख्त मालकान, खुदरों में चीड़ के पेड़ों से बिरोजा निकालने पर प्रतिबन्ध है;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार द्वारा बिरोजा निकालने के लिए स्वीकृति प्रदान की जाती है; और

(ग) यदि नहीं, तो क्या सरकार बिरोजा निकालने के लिए स्वीकृति प्रदान करने हेतु कोई नीति बनाने का विचार रखती है; ब्यौरा दें?

श्रमिक उत्पीड़न

2186 **श्री रमेश चंद ध्वाला (ज्वालामुखी)**ः

क्या **उद्योग मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत 3 वर्षों में दिनांक 01.02.2022 तक निजी व सरकारी क्षेत्र में श्रमिक उत्पीड़न के कितने मामले प्राप्त हुए; और

(ख) कितने मामले निर्धारित वेतन से कम वेतन देने से सम्बन्धित थे; जिलावार ब्यौरा दें?

पदपूर्ति

2187 **श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहडू)**ः

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि राजकीय उच्च विद्यालय खरोट व वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खाबल, कुटाडा व दलगांव में विभिन्न श्रेणियों के कितने पद कब से

रिक्त हैं; सरकार इन रिक्त पदों को कब तक भरने का विचार रखती है; गत 3 वर्षों में इन विद्यालयों से कितने स्थानान्तरण किए गए; पूर्ण ब्यौरा दें?

पदपूर्ति

2188 **श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहड़ू):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) रोहड़ू विद्युत मण्डल में विभिन्न श्रेणियों के कितने पद कहां-कहां व कब से रिक्त पड़े हैं; सरकार कब तक इन रिक्त पदों को भरने का विचार रखती है; और

(ख) रोहड़ू विद्युत मण्डल के अन्तर्गत कितने आउटसोर्स कर्मी कार्यरत हैं; ब्यौरा दें?

ट्रांसफार्मर

2189 **श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहड़ू):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत 3 वर्षों में दिनांक 01.02.2022 तक रोहड़ू विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र व डोडरा-क्वार में कितने ट्रांसफार्मर जले या डैमेज हुए व कितने ट्रांसफार्मर रिपेयर किए गए तथा कितनों की रिपेयर करनी शेष है; ब्यौरा दें?

WSS Ghar Bodhal

2190 **Sh. Ashish Butail (Palampur):**

Will the **Jal Shakti Minister** be pleased to state :-

(a) when was the foundation stone laid for the WSS Ghar Bodhal in Palampur Assembly Constituency; details be given;

(b) under which head was this scheme approved/sanctioned;

(c) how much amount of funds were sanctioned for this scheme; details of funds sanctioned with date of receipt be given; and

(d) what is the latest position of construction of this scheme?

Purchases without Tender

2191 **Sh. Ashish Butail(Palampur) :**

Will the **Food, Civil Supplies and Consumer Affairs Minister** be pleased to state :-

(a) during the last 3 years upto 01.02.2022, in the Food and Civil Supplies Corporation how many Suppliers of Commodities have been blacklisted or penalised for various reasons such as supply of sub-standard material or adulterated material etc; details of suppliers, amount of penalty and reasons for penalty imposed be given;

(b) during the last 3 years, how many purchases have been made by the HP State Civil Supplies Corporation without inviting tenders in HP State Civil Supplies Corporation; details of such purchases made be given; and

(c) have the Firms or Suppliers blacklisted or penalised supplied any Commodities to the HP State Civil Supplies Corporation; details be given?

MGNREGA

2192 **Sh. Harshwardhan Chauhan (Shillai):**

Will the **Rural Development & Panchayati Raj Minister** be pleased to state :-

(a) during the last 3 years upto 01.02.2022, how many schemes have been sanctioned under MGNREGA in Shillai Block; Panchayat-wise details along with the date of sanction and pendency of schemes with amount of each Panchayat be given; and

(b) how many job cards have been made in each Panchayat of Shillai Block; how many people applied for the employment; details of such person in each Panchayat be given?

Foundation Stone

2193 **Sh. Harshwardhan Chauhan (Shillai):**

Will the **Jal Shakti Minister** be pleased to state :-

(a) during the last 3 years upto 01.02.2022, how many foundation stone have been laid by the Government in Shillai Assembly Constituency of various Water

Supply Scheme and Irrigation Schemes; latest position of these be given; and

(b) what is the total cost of each project and how much amount has been sanctioned for these and by when it will be completed; details be given ?

Dispensaries without Health Workers

2194 **Sh. Rakesh Singha (Theog):**

Will the **Health and Family Welfare Minister** be pleased to state :-

(a) how many Health Dispensaries in the State are without Female/Male Health workers and does the Government propose to fill the vacant posts; if not, why not; and

(b) is the last batch of ANM trainees who have been employed in the Health Department, how many of the trainees have reached the age of 45 years; details be given?

ब्रिक्स के तहत स्वीकृत योजनाएं

2195 **श्री रोहित ठाकुर (जुब्बल-कोटखाई):**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत 3 वर्षों में दिनांक 01.02.2022 तक जिला शिमला में ब्रिक्स (NDB) के तहत कितनी योजनाएं स्वीकृत हुईं; ब्यौरा योजनाओं की अद्यतन स्थिति व स्वीकृत धनराशि सहित विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रवार दें?

सब-स्टेशन हेतु धनराशि

2196 **श्री पवन नैय्यर (चम्बा):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार द्वारा चम्बा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत गेट नामक स्थान पर स्वीकृत 33/11 के0वी0 2×1.6 एम0बी0 के सब-स्टेशन हेतु धनराशि का प्रावधान कब तक कर दिया जाएगा?

बस डिपो

2197 **श्री पवन नैय्यर (चम्बा):**

क्या **उद्योग मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि चम्बा जिला में परिवहन विभाग का एक ही डिपो है; यदि हां, तो सरकार चम्बा में परिवहन विभाग का दूसरा डिपो

खोलने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण?

वन विश्राम गृह मरम्मत

2198 **श्री पवन नैय्यर (चम्बा)**:

क्या **वन मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत 3 वर्षों में दिनांक 01.02.2022 तक चम्बा जिला के अन्तर्गत वन विभाग के विश्राम गृहों की मरम्मत व फर्नीचर क्रय करने हेतु कितनी धनराशि जारी की गई; ब्यौरा दें?

कार पार्किंग/आवासीय भवन

2199 **कर्नल इन्द्र सिंह (सरकाघाट)**:

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार सरकाघाट शहर में बढ़ते ट्रैफिक के दृष्टिगत लघु सचिवालय सरकाघाट के पास राजस्व विभाग की भूमि पर जो जर्जर भवन है, के स्थान पर बेसमैंट में कार पार्किंग और फर्स्ट फ्लोर पर कार्यालय/आवासीय भवन बनाने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण?

रिक्त पद

2200 **कर्नल इन्द्र सिंह (सरकाघाट)**:

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) सरकाघाट विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कितने पशु औषधालय/ चिकित्सालय कार्यरत हैं;

(ख) इनमें कितने-कितने पद चिकित्सकों व वैटरिनरी फार्मासिस्टों के रिक्त हैं; पदवार ब्यौरा दें; और

(ग) सरकार रिक्त पदों को कब तक भरने का विचार रखती है; ब्यौरा दें?

स्थानान्तरण नीति

2201 **श्री भवानी सिंह पठानिया (फतेहपुर)**:

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि सरकार शिक्षा विभाग में टीचिंग स्टाफ के लिए पंजाब और हरियाणा की तर्ज पर ऑनलाइन System driven स्थानान्तरण नीति के बारे में विचार कर रही है; यदि नहीं, तो कारण?

साक्षात्कार कमेटी

2202 **श्री पवन कुमार काजल** (कांगड़ा):

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि प्रदेश में प्रथम व द्वितीय श्रेणी की नियुक्तियां हिमाचल प्रदेश पब्लिक सर्विस कमिशन शिमला द्वारा की जाती हैं, इसमें जो व्यक्तिगत साक्षात्कार लिए जाते हैं उस साक्षात्कार कमेटी में सुप्रीम कोर्ट के दिशा-निर्देशों के अनुसार आरक्षित श्रेणियों का सदस्य होना जरूरी है; यदि हां, तो क्या सरकार द्वारा साक्षात्कार कमेटी में आरक्षित श्रेणियों के सदस्यों को मनोनीत किया जाता है; यदि नहीं, तो सरकार आरक्षित श्रेणी के एक सदस्य को मनोनीत करने का विचार रखती है; ब्यौरा दें?

यशपाल शर्मा,

सचिव।